अमर उजाला 17/09/2025

# प्लास्टिक प्रदूषण सबसे बड़ी चुनौती : डॉ. रोहित दत्त

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं एपैक्स एसडीजी चैंपियन-2025 के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के उद्द्देश्य से प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण को सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया गया। अभियान का मुख्य उद्द्देश्य विद्यार्थियों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना और इसके स्थान पर वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य ने कहा कि आज प्लास्टिक प्रदूषण सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। ऐसे अभियानों से छात्र-छात्राओं और समाज में जागरूकता बढ़ेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सकेगा। संवाद